जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2017/1391 दिनांक : 22.11.2017

-: अधिसूचना :-

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक 13/28/1768/2017/38-3 भोपाल दिनांक 16.11.2017 के अनुक्रम में जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा एक तीन दिवसीय समाधान शिविर का आयोजन दिनांक 23, 24, एवं 25 नवम्बर 2017 को विश्वविद्यालय परिसर स्थित छात्र सहायता केन्द्र में सुबह 11 बजे से सॉय काल 05 बजे तक किया जा रहा है।

समाधान शिविर में छात्रों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जावेगा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों के छात्रों को सूचित किया जाता है कि वह अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु समाधान शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण करायें।

जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से सम्बंधित ऐसे छात्र/छात्रायें जिनके प्रकरण विश्वविद्यालय में किसी कारण जैसे-मूलअंकसूची/अंकसूची में त्रुटि सुधार/माईग्रेशन प्रमाण-पत्र/नामांकन प्रमाण-पत्र/उपाधि प्रमाण-पत्र/लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त शिकायतें/ सी.एम. हेल्पलाईन/समाधान ऑनलाईन के अंतर्गत एवं अन्य किसी कारणवश से प्रकरण लंबित है तो ऐसे छात्र उक्त दिवसों में समाधान शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का निराकरण कराकर लाभांन्वित हो।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. श्रीमान जिलाधीश महोदय, जिला ग्वालियर की ओर आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निवेदनार्थ।
2. श्रीमान पुलिस अधीक्षक जिला ग्वालियर की ओर आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निवेदनार्थ।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वलियर।
4. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, ग्वालियर की ओर इस आश्य के साथ की वह अपने लोकप्रिय समचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)